# राज्यकर्मियों की साहित्य साधना का सम्मान



हिंदी संस्थान में रविवार को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वालों का सम्मान किया गया।

**अमर उजाला ब्यूरो**

लखनऊ।

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने रविवार को हिंदी संस्थान के यशपाल सभागार में वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में उत्तर प्रदेश लोक सेवा अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक (अभिसूचना) रामकृष्ण चतुर्वेदी ने पुरस्कार प्रदान करते हुए राज्यकर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मियों की प्रशंसा की और कहा कि यह बड़ी बात है कि इन साधकों ने अपने काम के बीच साहित्य सृजन का समय निकाला। समारोह की अध्यक्षता संस्कृति सचिव व संस्थान के अध्यक्ष हरिओम ने की। कार्यक्रम की शुरुआत घनानंद पांडेय 'मेघ' ने वाणी वंदना से की।

## राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने पुरस्कारों से नवाजा

संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविशंकर पांडेय ने स्वागत किया गया। जबकि, महामंत्री दिनेश चंद्र अवस्थी ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर संस्थान की पत्रिका 'अपरिहार्य' का 'पुरस्कार एवं सम्मान विशेषांक', भारतेंदु मिश्र की पुस्तक 'भारतीय साहित्य के निर्माता-बलभद्र प्रसाद दीक्षित पढ़ीस', जटाशंकर त्रिपाठी की पुस्तक 'भारत के प्रमुख तीर्थ स्थल' और माया अग्रवाल 'वीणा' की पुस्तक 'पंखुड़ियां' का लोकार्पण भी किया गया। सभी पुरस्कारों के अंतर्गत 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन रश्मिशील व सुनील कुमार वाजपेयी ने किया।

## इन्हें मिला पुरस्कार

>> प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-हिंदी गद्य)-प्रो. नेत्रपाल सिंह, सेवानिवृत्त प्रवक्ता अंग्रेजी, राजकीय जीबी पंत पॉलीटेक्निक, लखनऊ >> शिव सिंह 'सरोज' पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-हिंदी पद्य)-विनोद चंद्र पांडेय 'विनोद', सेवानिवृत्त सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग >> बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार (हिंदी गद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-कृति 'गणनायक' पर ओपी श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी, मुख्यमंत्री कार्यालय >> महादेवी वर्मा पुरस्कार (हिंदी पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-कृति 'हाशिये समय के' पर राजेंद्र प्रसाद अष्ठाना 'मधुकर अष्ठाना', सेवानिवृत्त उपस्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, टिहरी गढ़वाल (तत्कालीन यूपी) >> मीर तकी मीर पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-उर्दू पद्य)-अनीस अंसारी, सेवानिवृत्त कृषि उत्पादन आयुक्त, उप्र शासन >> जोश मलिहाबादी पुरस्कार (उर्दू पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-कृति 'तराशीदां नाखूनों के जख्म' पर सय्यद असरार हुसैन 'असरार सय्यद', सेवानिवृत्त उपनिदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखन >> शरतचंद्र चट्टोपाध्याय पुरस्कार (हिंदीतर भाषा-भाषी अन्य प्रांतों में दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-गद्य)-मोहम्मद सलीम खान, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, करुनागपल्ली, केरल >> सुब्रह्मण्यम् भारती पुरस्कार (हिंदीतर भाषा-भाषी अन्य प्रांतों में हिंदी पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-'कविता का आंचल' पर गुरिंदर सिंह कलसी, अध्यापक, विज्ञान, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रूपनगर, पंजाब >> पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-हिंदी गद्य)-राजीव सक्सेना, वरिष्ठ अपर जिला बचत अधिकारी, जिला बचत कार्यालय, कलेक्ट्रेट, बुलंदशहर >> सुमित्रा नंदन पंत पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-हिंदी पद्य)-योगेंद्र वर्मा 'व्योम', लेखाकार, उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) दफ्तर, मुरादाबाद >> भगवती चरण वर्मा पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-हिंदी गद्य)- सुरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली >> भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-हिंदी पद्य)-शिवमंगल सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल, खंतारी, बीके टी, लखनऊ >> जयशंकर प्रसाद पुरस्कार (हिंदी पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-'छंद माला के काव्य-सौष्ठव' पर केवल प्रसाद, प्रधान सहायक, निर्माण खंड-1, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ >> अमृतलाल नागर पुरस्कार (हिंदी गद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-'सन्यासी योद्धा' पर कौस्तुभ आनंद चन्दोला, लेखाकार, कार्यालय अपर निदेशक, वाणिज्य कर, गोमतीनगर, लखनऊ >> शिवमंगल सिंह 'सुमन' पुरस्कार (हिंदी पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)- 'फिर' पर अमित कुमार मल्ल, संयुक्त आयुक्त (खाद्य), सहारनपुर मंडल, सहारनपुर >> विद्यानिवास मिश्र पुरस्कार (हिंदी गद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-'अवध-उस सुनहरे दौर में' पर राजेश कुमार, निजी सचिव, उप्र सचिवालय, लखनऊ >> गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' पुरस्कार (हिंदी पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति )-'कलम न मानेगी' पर विजय प्रसाद त्रिपाठी, अनुसचिव, समाज कल्याण विभाग, उप्र सचिवालय, लखनऊ >> श्याम सुंदर दास पुरस्कार (हिंदी गद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)- 'नारियों का महाभारत' पर इंद्रासन सिंह, वरिष्ठ सहायक, उप कृषि निदेशक, (तिलहन व दलहन), मुख्यालय कृषि भवन, लखनऊ >> हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार (हिंदी पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)- 'चार दिन फागुन के' पर रामशंकर वर्मा, वैयक्तिक सहायक, (पीए), राज्य जल संसाधन अभिकरण, सिंचाई विभाग, लखनऊ >> रामधारी सिंह 'दिनकर' पुरस्कार (हिंदी पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-'खिलते फूल महकता आंगन' पर कामिनी श्रीवास्तव, बाल विकास परियोजना अधिकारी, निकट अमौसी एयरपोर्ट, लखनऊ >> मिर्जा असद उल्ला खां 'गालिब' पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-उर्दू गद्य)- सै. अमजद हुसैन, संयुक्त निदेशक, सूचना व जनसंपर्क विभाग, पार्क रोड, लखनऊ >> फिराक गोरखपुरी पुरस्कार (उर्दू भाषा पद्य की मौलिक प्रकाशित कृति)-'पहला कदम' पर मो. अली साहिल, पुलिस महानिरीक्षक, वूमेन पावर लाइन, एसआई (एम/सीए) लखनऊ >> अमीर खुसरो पुरस्कार (दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा-उर्दू गद्य)-तनवीर अहमद, समीक्षा अधिकारी, भाषा (उर्दू), अनुभाग-3, उप्र सचिवालय।